Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 23-11-2022 | अंक 409

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मनमानी : उपमुखिया ने मुखिया प्रतिनिधी पर लगाया मनमानी का आरोप



बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के उपमुखिया बलराज यादव ने मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास पर मनमानी तरीके से काम करने का आरोप लगाया है। कहा की पंचायत भवन के आगे पेवर ब्ल०क लगाया गया है जिसमे काफी अनिमियतता बरती गई है। उन्होंने कहा की जब मैं ठिकेदार से काम ठीक ढंग से करने के लिए कहा तब उसने मुझसे कहा की मुखिया जी से मेरी बात हो गई है। साथ ही पंचायत भवन के किनारे की गई ढलाई में भी काफी अनियमितता बरती गई है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अगर पंचायत में कोई काम हो रही होती है तो उसका जब उनसे जानकारी मांगा जाता है तब वह हमेशा टाल – मटोल करते है। साथ ही इनके द्वारा किए गए कार्यों से कोई संतुष्ट नहीं है। वहीं पंचायत सेवक पोखराज कुमार से पूछे जाने पर बताया की पेवर ब्लॉक एवं पंचायत भवन के किनारे जो ढलाई की गई है वह संतोषजनक नहीं है। वहीं पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास ने कहा की जो भी त्रुटि है उसे पूरा किया जाएगा।

### आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

सतगावां थाना क्षेत्र के खुट्टा में रविवार की संध्या आग लगाकर आत्महत्या करने को लेकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जहाँ बोकारो में घायल महिला की मौत इलाज के दौरान बुधवार की सुबह हो गई है बताया जाता है कि खुट्टा निवासी सोनू अग्रवाल की 23 वर्षीय पत्नी चंचला कुमारी रविवार की संध्या अपने घर में पति से आपसी विवाद को लेकर किरासन तेल छिड़क कर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिससे आग का लपेटा साड़ी में पकड़ने से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए बोकारो ले जाया गया जहाँ स्थिति गंभीर बनी हुई थी महिला लगभग 80:जल चुकी थी जहाँ इलाज के दौरान घायल महिला की मौत बुधवार को सुबह हो गई है वहीं मृतक महिला का मायके गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के मोदीडीह गांव में हिन्दू रीति रिवाज के साथ 3 माह पूर्व शादी हुई थी।वहीं मामला जहाँ तक जानकारी मिल रही है कि मृतक महिला के घर में घरेलू विवाद चल रहा था इसी को लेकर महिला ने किरासन तेल छिडकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था।वहीं मृतक महिला के एक 1 साल 6 माह का पुत्र भी है इस संबंध में महिला के मायके वालों की ओर से सतगावां थाना में कोई आवेदन नहीं दी गई है।

# सेंट्रल टीम ने की अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था निरीक्षण, व्यवस्था देख हुए संतुष्ट

## बायो मेडिकल पीट एवं कचरा निपटान हेतु कलर पैकेट लगाने का निर्देश






अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करति सेंट्रल टीम

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी लेने सेंट्रल की टीम बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। केंद्रीय कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर मीता महर के नेतृत्व में 5 सदस्य टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था की जायजा लिया। टीम में केंद्रीय कार्यक्रम पदाधिकरी डॉ मीता महर, डॉ ध्रुव उपाधायय,राजेश रंजन, रतीश मांझी एवं अजय पाठक मौजूद थे। सेंट्रल टीम के द्वारा ऑक्सीजन प्लांट, ट्रामा सेंटर, डिलीवरी एरिया, ओटी एरिया, ओपीडी, एक्सरे रूम एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण कर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से उनके संचालन की जानकारी ली। टीम ने अपनी उपस्थिति में ऑक्सीजन प्लांट से अ०क्सीजन निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त की। अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था एवं स्वच्छता से टीम काफी संतुष्ट दिखी। डॉ मीता महर ने डिस्पोजल सिस्टम में सुधार लाने, कचरा निपटान हेतु कलर डिस्पोजल पैकेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मौके पर डॉ एजाज हुसैन, डॉ मेराजउल इस्लाम, डॉ अनुभव कुमारी, डॉक्टर मणितोष कुमार, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ अमन कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, लिपिक पंकज कुमार आजाद ,सुधांशु कुमार, मोती कुमार ,विजेंद्र कुमार ,जावेद अख्तर ,नरेश कुमार ,प्रह्लाद कुमार, विनोद कुमार यादव, विष्णु कुमार महतो , मोहम्मद शाहिद, विष्णु रविदास,रामधनी यादव आदि लोग मौजूद थे।

# 26 नवंबर चौपारण में प्रस्तावित कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा के तैयारी का महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

## कांग्रेस पार्टी में व्यक्ति विशेष नहीं संगठन सर्वोपरि है : विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में आगामी 26 नवंबर को चौपारण में भारत जोड़ो जात्रा के तहत 10 किलोमीटर का पदयात्रा प्रस्तावित है पदयात्रा में कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय कई नेता एवं झारखंड प्रदेश के कई मंत्री शामिल होंगे। इस पद यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आज बुधवार को बरही प्रखंड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पाक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अति महत्वपूर्ण इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव व संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुणाल कतरियार ने किया। बैठक में कांग्रेस के सच्चे सिपाहियों ने पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने अपने विचार दिए। बतौर मुख्य अतिथि बैठक में उपस्थित क०न्ग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने कहा बरही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत है जिसे आगामी 26 नवंबर को चौपारण की धरती पर साबित कर देना है। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुणाल कतरियार करियातपुर मुखिया मनोज कुमार वरिष्ठ कांग्रेसी रघुनंदन को वासुदेव यादव कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह प्रमोद सिंह रंजीत निषाद मास्टर अब्दुल सत्तार अंसारी मोहम्मद जलील अंसारी राजेंद्र मद्धेशिया शरीफुल हक कोलेश्वर चंद्रवंशी मुकेश गुप्ता राकेश रजक मंटू सिंह सुशील केसरी उर्फ नुनू युवा कांग्रेसी मोहन प्रजापति टिंकू केसरी जीतू मद्धेशिया इनायत अंसारी नरेश साहू गणेश साहू फ़िरदौस ख़ान छोटी ठाकुर समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

HOTEL आकाश पैलेस
Contact No.: 9122662308 6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चोरी : ओरपरता में लगे जलमीनार का वर्षो पहले समर सेबुल और सोलर प्लेट हो गई चोरी, अब बनी शोभा की वस्तु

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के ओरपरता में लाखों के लागत से निर्मित जलमीनार का वर्षों पहले समरसेबुल एवं सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई थी। जिसके बाद से आज तक न ही इस जलमीनार में समरसेबूल लगाया गया और ना ही सोलरप्लेट । जिसके कारण लोगों को पानी के लिए भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। आस पास के ग्रामीणों ने बताया की पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए सरकार के द्वारा लाखों के लागत से जगह जगह जलमीनार लगाया गया था। इसको ठीक कराने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कई बार बोला गया परंतु इसका शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है। और यह अभी सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।

## तिलैया रोड विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने विधायक उमाशंकर अकेला से कराया मुआवजा विसंगति से अवगत

### विधायक से फिलहाल निर्माण कार्य पर रोकने की मांग

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बैठक में मौजूद विधायक

तिलैया रोड संघर्ष मोर्चा की बैठक बुधवार देर शाम तिलैया रोड बरही में हुई। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में विस्थापितो के द्वारा विधायक को मुआवजा निर्धारण में बरती गई विसंगति के संबंध में अवगत कराया। रैयतों ने बताया की सड़क निर्माण एजेंसी के द्वारा जबरन तोड़ फोड़ की जा रही है। मुआवजा राशि में कई विसंगति है।स्थानीय रैयतो का कहना है कि जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है । उस जमीन के मुआवजा निर्धारण में काफी विसंगतियां हैं। मुआवजा निर्धारण में काफी अनियमितता बरती गई है । इसलिए जब तक उनकी मुआवजा संबंधी समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक तोड़फोड़ की प्रक्रिया पर विराम लगाई जानी चाहिए । सभी ने विधायक से बताया कि एनएच 31 फोरलेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजा में काफी भेदभाव एवं अनियमितता बरती गई है । जब तक इस विसंगति को दूर नहीं किया जाता। तब तक कंपनी के द्वारा की जारी तोड़फोड़ पर रोक लगनी चाहिए । कई ऐसे रैयत हैं, जिनके जमीन एवं मकान का वास्तविक मुआवजा का निर्धारण नहीं हुआ है। कई ऐसे रैयत हैं जिसका नोटिफिकेशन भी नहीं हुआ है और मुआवजा भी नहीं मिला है और उनका तोड़फोड़ किया जा रहा है। कई ऐसे रैयत है जिन्हें जमीन का इंटरेस्ट नहीं दिया गया है । उपस्थित लोगों ने विधायक से आग्रह किया कि स्थल पर जांच कर वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए मुआवजा निर्धारण में बरती गई विसंगति को दूर किया जाए एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए तभी निर्माण कार्य शुरू हो। विधायक अकेला ने डीसी से वार्ता कर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर भगवान केशरी, विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, सुनील साहू, विजय प्रसाद, मनोज केशरी, डॉ॰ निजामुद्दीन अंसारी, जगदीश सिंह, कुणाल कटरियार, त्रिवेणी साव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी अशोक साहू का निधन, शोक की लहर

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



अशोक साव

बरही तिलैया रोड निवासी समाजसेवी अशोक साव का आकस्मिक निधन बुधवार को गई । वे लगभग 60 वर्ष के थे । अशोक साहू पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे । उनके भाई भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार साव ने उनके इलाज के लिए हर संभव प्रयास किए। काफी दिनों तक उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में चला । लेकिन इलाज के दौरान ही बुधवार को उनका निधन हो गया । निधन का समाचार जैसे ही बाजार में फैला । उनके चाहने वाले लोग उनके घर पर आकर अंतिम दर्शन करने लगे। ज्ञात हो कि अशोक साहू हमेशा समाज में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। उनके क्रियाकलाप से हर वर्ग के लोग भी काफी खुश रहा करते थे । उनके निधन से बरही में काफी शोक की लहर है । बुधवार देर शाम को बरही नदी शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया ।उनके शव यात्रा में काफी संख्या में उनके चाहने वाले एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे । उनके निधन पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मनोज साव, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, रसोईया धमना मुखिया गोविंद साव, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, बीरबल साहू, अरुण साहू, नंदकिशोर कुमार, भगवान केशरी, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, संजय दुबे, मनोज ठाकुर, विजय प्रसाद, गुरुदेव गुप्ता, कपिल केशरी सहित कई लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

APEM LIVE

## तीन सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत, आक्रोशित भीड़ ने घन्टो सड़क रखा जाम





अपेम लाइव: चौपारण
किशोर राणा

जीटी रोड चौपारण में तीन सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गया। मृतक महिला की पहचान बृंदावन निवास अंगद साव के 55 वर्षीय माता के रूप में हुवा। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला सब्जी बेचने चौपारण जा रही थी इसी बीच महूदी बारा के समीप सड़क पार करने के दौरान महिला विपरीत दिशा से रही ट्रक के चेपेट में आ गया। महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वृंदावन सहित आसपास के ग्रामीणों ने आक्रोश में सड़क को जाम कर दिया। सड़क के दोनो ओर गाडियो का लंबी कतार लग गया, राहगीरों लो काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुँचे बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव व चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर के आश्वाशन के बाद जाम हटा। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन द्वारा दिये आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर उचित कार्यवाई किया जाएगा। इधर जाम हटने के बाद अफरा तफरी मच गया और दूसरी दुर्घटना कमलवार के पास घटित हो गया जहाँ कंटेनर और ट्रक आपस मे टकरा गया हालांकि जान माल का कोई नुकसान नही हुवा। तीसरी दुर्घटना चतरा मोड़ के समीप हुवा जहां एक ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दिया चालक को हल्की छोट लगा।

## इंडियन एंथम स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षाफल घोषित, टॉपर्स को किया गया सम्मानित

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर में संचालित इंडियन एंथम स्कूल में बुधवार को अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जहां कक्षा प्रथम से पांचवा तक में स्नेहा प्रवीण को टूपर एवं सर्वश्रेष्ठ छात्रा घोषित की गई। वहीं कक्षा छः से दशम तक में सर्वश्रेष्ठ छात्रा कक्षा नवम की सुप्रिया कुमारी को घोषित किया गया। वहीं कक्षा पहला में प्रथम स्थान चंदन कुमार, द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार एवं शुभम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दूसरा से स्नेहा प्रवीण, द्वितीय स्थान आकाश कुमार एवं दिव्या कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। कक्षा तीसरा में प्रथम स्थान अभिजीत कुमार, द्वितीय स्थान संतोषी कुमारी एवं रौशन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में प्रथम स्थान पीयूष कुमार, द्वितीय स्थान बेबी कुमारी एवं तृतीय स्थान अंकित कुमार एवं अंशु कुमारी ने प्राप्त की। कक्षा पांचवा में प्रथम स्थान सोनाली कुमारी, द्वितीय स्थान अमन कुमार एवं अंजली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। कक्षा छः में प्रथम स्थान अभिषेक कुमार, द्वितीय स्थान नीरज कुमार एवं सुमंत कुमार ने तृतिया स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवां में प्रथम स्थान सुरुचि कुमारी, द्वितीय स्थान प्रीती कुमारी एवं खुशबू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। कक्षा नवम में प्रथम स्थान सुप्रिया कुमारी, द्वितीय काजल कुमारी एवं अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवां में प्रथम स्थान सोनू कुमार, द्वितीय स्थान सुजीत कुमार एवं सुधा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित एवं उज्जवल भविष्य का कामना किया गया। मौके पर स्कूल प्रबंधक सुधाकर यादव, प्राचार्य सुनील सोनी, हरिशंकर वर्मा, घनश्याम प्रजापति, देवानंद साव, राधारमण मिश्रा, लक्ष्मी चौरसिया, बिट्टू मिश्रा, दीपा सोनी, अर्चना मिश्रा, रिचा दुबे, अनुप्रिया कुशवाहा एवं राजेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## जैप कैम्प पर गिरा विशाल पीपल का पेड़, बाल-बाल बचे जैप के जवान व पदाधिकारी

अपेम लाइव : संतगांवा



सतगावां थाना क्षेत्र के नासरगंज के गांगडीह स्थित जैप-5 कैम्प पर बुधवार को संध्या विशाल पीपल का वृक्ष गिर जाने से जैप के जवान व पदा. धिकारी बाल- बाल बचने का मामला प्रकाश में आया है इस संबंध में जैप के ई-कंपनी कमांडर अमरनाथ सिंह ने बताया कि बुधवार को जब जवान लोग कैम्प के अंदर उपस्थित थे इसी दौरान बुधवार की संध्या एकाएक वर्षो पुराना पीपल का पेड़ गिर गया जिससे हम सभी पदाधिकारी सहित जैप-5 के जवान बाल-बाल बचे हैं साथ ही साथ पेड़ गिरने से छप्पर सहित अन्य सामग्री का नुकसान हुआ है साथ ही साथ उन्होंने बताया कि यहाँ लगभग सैकड़ों वर्ष पूर्व का कई पेड़ हैं और सूखे पड़े हैं। कभी भी गिरने की संभावना बनी रहती है कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है इसीलिए उन्होंने मांग किया कि यहां सूखे पेड़ को हटाया जिससे खतरा टाला जा सकता है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डिवाइन स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के सहयोग से वीर गाथा परियोजना के तहत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार छात्रों में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को फिर से जगाने के लक्ष्य के लिए छात्रों के बीच ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वीर गाथा परियोजना के अंतर्गत पेंटिंग, ड्राइंग, कहानी लेखन तथा वाचन, कविता वाचन, वीरता पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों का जीवन परिचय लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।सभी प्रतियोगिताएं को चार ग्रुपों में बांटा गया सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के निदेशक आ. ईपी भारती तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किए। सफल प्रतिभागियों में रुही फातिमा, कोमल कुमारी,उजमी मिन्हाज, पुनित राणा,शिव राणा,आफरीन हबीबी, कुंदन कुमार, सिद्धार्थ पंडित, प्रदीप कुमार, शोहरत परवीन,परी कुमारी, विपुल कुमार,आरव कुमार, आरोही कुमारी,महिनुर आलम,रीतिक कुमार,परी वर्मा, सचिन कुमार आदि थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में काशीनाथ महतो, प्रीति प्रभा, सुलेखा मोदी, अनिल उपाध्याय, मनोहर सिंह, कुलदीप पासवान, रामानंद कुमार,अजय कुमार, विमल किशोर का शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखण्ड का आयोजन






**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखण्ड के ब्लॉक मैदान में बुधवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग समग्र शिक्षा अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखण्ड का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव,बाल विकास पदाधिकारी संतोष कुमार और विसूत्री के अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह के द्वारा विधिवत रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया ।झारखण्ड खेलो कार्यक्रम के तहत 100 मीटर दौड़,200 मीटर दौड़,400 मीटर दौड़,800 मीटर दौड़,ऊंची कूद,लम्बी कूद,भाला फेंक,चक्का फेंक,कबड्डी,और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य रूप से पुरुष वर्ग में अंगार की जीत हुई जबकि बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ने जीत दर्ज किया ।वहीं फुटबॉल प्ररियोगिता के पुरुष वर्ग में मीरगंज की टीम ने जीत दर्ज किया जबकि बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ने परचम लहराया । उल्लेखनीय हो की प्रखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी व टीम जिला स्तर पर खेलने के लिये जाएगी ।मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद,बीपीओ अशोक उपाध्याय,बीआरपी मो श कुमार, सीआरपी, संतोष कुमार,राजेन्द्र प्रसाद, आरटी सुजीत कुमार,उमेश कुमार,बिनोद कुमार,जवाहर प्रसाद,कन्हैया कुमार,शैलेन्द्र कुमार,करण कुमारशिक्षक अमित बास्के,नीतीश कुमार,अनिरुद प्रसाद,धीरज कुमार,सुधीर अग्रवाल सहित काफी संख्या में बच्चे व शिक्षक मौजूद थे

## दो दिवसीय 'खेलो झारखण्ड' खेलकूद प्रतियोगिता का प्रमुख व उपप्रमुख ने किया शुभारम्भ

### खेल जीवन का अहम हिस्सा है, शारीरिक व मानसिक फिट के लिए खेल जरूरी : प्रमुख





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित खेलो झारखण्ड के तहत आयोजित प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि प्रखण्ड प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रिती कुमारी, बीईईओ राकेश सिंह, उमाकांत यादव आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया गया। प्रतिभागीयों से परिचय प्राप्त कर प्रमुख व उपप्रमुख ने सबका मनोबल बढ़ाया और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दिया। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा है। मानसिक व शारीरिक फिटनेश के लिए खेल जरूरी है। उप प्रमुख ने कहा की हार जीत खेल में लगा रहता है। हारने वाला ही भविष्य का विजेता बनता है। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बीईईओ राकेश कुमार ने बताया कि पहले दिन कक्षा 6 से 8 तक के बालक व बालिका के लिए दौड़, उच्ची, लंबी कूद, गोला, भाला, फुटब०ल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन 9 से 12 तक के बालक व बालिकाओं के बीच प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। निष्पक्ष खेल के लिए खेलवार शिक्षको की प्रतिनियुक्ति किया गया है। मंच का संचालन शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा व संजय सिन्हा ने सामूहिक रूप से किया। विजेता बच्चो को अतिथियों ने पुरुस्कृत किया और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनायें दिया। खेल को सफल आयोजन में शिक्षक बसंत दास, रतन वर्मा, उमेश सिंह, मो कैसर आलम, सुबोध सिंह, राकेश कुमार, कमलेश कुमार कमल, डॉ प्रदीप साहू, पूजा सिंह, रगिना कुमारी, निशु सिंह, अंजू कुमारी, प्रतिमा कुमारी, विजय कुमार, शशिभूषण सिंह, रामावतार प्रजापति, गुलाब साव, राज. कुमार प्रजापति, बीपीएम आरिफ अंसारी, बीआरपी मो सईद, बजरंगी प्रसाद, सीआरपी शैलेन्द्र पांडेय, प्रभाकर अम्बुदी, बीआरसी कर्मी दीपक भारती, गिरधारी महतो, छोटन प्रसाद, रविन्द्र कुमार, दिनेश यादव, मृत्युंजय सिंह, अरुण कुमार, बब्लू राणा, दिलीप साव, सुरेंद्र यादव, संजय सिंह, अनुज बैध, सहित दर्जनों शिक्षक व कर्मी ने महती भूमिका निभाया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, उपप्रमुख प्रति. निधि लालेश साहू, कांग्रेस नेता बीरबल साहू, शिक्षक राजकुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, आदि।

## भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लेकर विधायक आवास में बनी रणनीति

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : मंगलवार को विधायक सह सभापति निवेदन समिति झारखण्ड उमाशंकर अकेला के निवास स्थान चौपारण में 26.11.22 को चौपारण में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लेकर तैयारी समिति की बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए ।सभी कार्यकर्ताओं ने सफलता में पूर्ण सहयोग एवं ऐतिहासिक आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री अकेला एवं जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह थे। बैठक में पंचायत वार प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई। यात्रा में लगभग 5000 लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव ने किया। विधायक श्री अकेला ने कहा कि जिस प्रकार आपने अपने मेहनत से हमें विधायक बनाया उसी प्रकार कार्यकम को सफल बनाएं मैं आपके साथ आपके मार्गदर्शन में कार्य करता रहा हूं और करूंगा। जिस प्रकार राहुल जी के साथ यात्रा में लोग जुड़ रहे हैं ये बदलाव की लहर है जिसका आप हिस्सा बनें। अवधेश सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी झारखण्ड अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, माननीय मंत्री आलमगीर आलम, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय के शामिल होने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विनोद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रखण्ड दारू शशि सिंह, विधायक प्रतिनिधि पदमा, बरही एवं चौपारण, प्रखण्ड अध्यक्ष बरही मनान वारसी, रामफल सिंह, जानकी यादव, बालकिशन यादव, मीणा देवी, रेवाली पासवान, महेश केशरी, डिंपू जैन, कारू पांडेय, देवलाल साव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में बीओआई के स्थायी लोक अदालत शिविर का आयोजन

### 163 ऋण खाताधारी ग्राहकों से 76 लाख रूपए की वसूली

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



शिविर में ऋण खातों का समझौता करते ग्राहक एवं बैंककर्मी

बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल के तत्वाधान में बुधवार को विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में स्थायी लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक ऑफ इंडिया विष्णुगढ़, नवादा तथा अचलजामो शाखा के बैंककर्मी शामिल हुए। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीएलए कोर्ट हजारीबाग के चेयरमैन एल श्रीवास्तव ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि स्थायी लोक अदालत शिविर के माध्यम से बैंक द्वारा ग्राहकों को दी गई ऋण का आसान शर्तो पर निपटारा किया जा रहा है। इसके अलावा बैंक द्वारा दायर या प्रक्रियाधीन ऋण खाताधारी भी समझौता के तहत अपना ऋण खाता बंद कर सकते हैं। शिविर में कुल 163 ग्राहकों के एनपीए हो चुके ऋण खातों का आसान शर्तो पर निपट. ारा किया गया। जिसमें कुल 76 लाख रूपए की प्राप्ति हुई। बताया गया कि तीनों बैंक द्वारा कुल 965 ऋणधारी ग्राहकों को नोटिस देकर ऋण समझौता कराने का प्रस्ताव दिया गया था। जिसके विरूद्ध 163 ग्राहकों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने ऋण खाता का निपटारा कराया। जिसमें विष्णुगढ़ शाखा के 59, नवादा शाखा के 82 तथा अचलजामो शाखा के 7 ऋणधारकों ने एकबारगी रकम अदायगी कर समझौता किया। शिविर में बीओआई एलडीएम सुधाकर पांडेय, रिकवरी डिपार्टमेंट के वरीय प्रबंधक सुब्रत शर्मा, नवादा शाखा वरिष्ठ प्रबंधक अमर कुमार, विष्णुगढ़ शाखा वरिष्ठ प्रबंधक अजय कुमार, अचलजामो शाखा प्रबंधक सुनील कुमार, राकेश कुमार, अब्दुल वाहिद, नासिर, सेवालाल समेत कई बैंककर्मी शामिल थे।

## आईसीएल में खेलने को तैयार चौपारण के दो युवा फुटबॉलर, जूनियर लीग में हुआ चयन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




प्रतिभा किसी का मोहताज नही होता बस उसे अवसर व उचित मंच मिल जाए तो प्रतिभावान युवक अपने प्रतिभा से सबको चकित कर देते है। कुछ ऐसे ही कारनामा कर दिखाया है चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत सिंघरावां पंचायत के हजारीधमना गांव के दो होनहार फुटबॉलर ने, जिनका चयन जूनियर लीग में हुवा है। भारत में खेले जाने वाले सबसे बड़े फुटब०ल लीग, इंडियन सुपर लीग के जूनियर लीग 2023 के लिए चौपारण के दो खिलाड़ी शक्ति राणा और अभय सिंह का चयन धनबाद फुटब०ल क्लब के लिए हुवा है। दिसम्बर में आयोजत लीग में देश स्तर के 42 टीमें भाग लेगी। इस लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो का चयन जमशेदपुर एफसी, मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, सेल बोकारो आदि बड़े क्लब में किया जाएगा। बताया जाता है कि बड़े क्लब के अधिकारी सभी खेलो में मौजूद रहते है और अपने अपने क्लबो के लिए खिलाड़ियो को अपने साथ जोड़ते है जो भविष्य में भारतीय फुटब०ल टीम के लिए चयन हो सकते है। चयनित खिलाड़ी शक्ति राणा व अभय सिंह ने बताया कि ये लीग देश में सेकेंड डिवीजन का लीग कहा जाता है। दोनो प्रतिभावान खिलाड़ी अपने प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हाशिल किया है। ग्रामीण परिवेश में जन्मे शक्ति व अभय का खेल जीवन हजारीधमना में खेल मैदान में गुजरा। प्रखण्ड व जिला स्तर पर आयोजित फुटब०ल प्रतियोगिता में दोनो ने अपने टीम को कई खिताब दिलवाया। दोनो खिलाड़ियो का सपना है कि एक दिन देश के लिए फुटबॉल खेले। दोनों के चयन पर प्रखण्ड में खुशी का लहर है। स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, हिन्दू वाहिनी संयोजक प्रवीण सिंह, साथी फुटब०लर विकास सिंह, सुबोध सिंह, धीरेंद्र सिंह, आदि ने खुशी जाहिर करते हुए दोनो को भविष्य की शुभकानाएं दिया।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, बरही द्वारा लगाए गए

### रक्तदान शिविर में 61 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का दिया परिचय







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

23 नवंबर को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल क०लेज के सहयोग से बरही के प्रखंड मैदान में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ,रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, एसोसिएशन के बरही प्रखंड के प्रभारी ,अमित राणा, सोनू चंद्रवंशी , पिंटू केसरी, एचडीएफसी बैंक के सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर कुशवाहा जी ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान का शुभारंभ एसोसिएशन बरही प्रभारी,अमित राणा एवं सोनू चंद्रवंशी ने रक्तदान करके किया, तत्पश्चात अनुज कुमार, नीरज कुमार ,सत्येंद्र कुमार राणा ,राहुल वर्मा ,रवि कुमार, अनुज कुमार सिंह ,प्रमोद कुमार सिंह ,सुनील कुमार, सुबोध केसरी ,गोपाल राम, सानू कुमार, विकी कुमार पासवान, इंद्रजीत कुमार, बलवंत कुमार ,मथुरा प्रसाद, अमर कुमार ,चंद्रजीत कुमार, रंजन कुमार, चंदन कुमार साव,, रिशु कुमार ,संतोष साव, रवि शंकर ,सुधीर कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, रंजीत कुमार यादव ,,रमेश महतो, विनोद कुमार रजक, उमेश कुमार दास ,पप्पू कुमार केसरी, नरेश पासवान, देवेंद्र कुमार राणा ,चंचल कुमार, राजकुमार, विनोद कुमार ,राजू कुमार गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ,शिवम स्वर्णकार, विशाल कुमार गुप्ता, सुनील कुमार यादव ,अंकित रंजन , सुरेंद्र कुमार शर्मा ,सुरेंद्र कुमार शर्मा ,अजय कुमार ,मुकेश महतो, प्रकाश लिंडा ,राजेश कुमार साव, रवि चौरसिया , कार्तिक कुमार साव, अभिनव कुमार मिश्रा , एमडी सोहेब अख्तर ,नामित खांडवी ,सोनू प्रजापति, नरेश कुमार ,विशाल स्वर्णकार अनुज कुमार सोनी, जय स्वर्णकार, सौरभ कुमार रवि , ईश्वर कुमार गुप्ता रविंद्र कुमार पांडेआदि 61 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया एवं आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एसोसिएशन के बरही प्रभारी अमित राणा एवं सोनू चंद्रवंशी के द्वारा बरही के कर्मठ सदस्यों द्वारा विगत कई वर्षो से रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं ।जिससे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रक्त उपल. ब्ध कराया जा रहा है। एचडीएफसी बैंक और से,सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर कुशवाहा जी द्वारा रक्त दाताओं को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। शिविर को सफल बनाने के लिए व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन बरही प्रभारी अमित राणा सोनू चंद्रवंशी सदस्य पिंटू केसरी , अब्दुल मन्नान वारसी, पत्रकार रितेश कुमार , अजय केसरी राजेश साव,एचडीएफसी बैंक के सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर कुशवाहा ,संतोष कुमार, बरही ब्रांच के कर्मचारी मेडिकल क०लेज के टेक्नी. शियन आर खैरी ,मुरली प्रजापति ,निहाल राज ,धीरेंद्र कुमार, गोपाल कुमार केवी विमेंस कॉलेज की छात्रा अंकिता रानी सपना कुमारी सिमरन सिंह और कुमारी आरोही,आदि का विशेष सहयोग रहा ।

## मलेरिया रोकथाम जागरूकता को लेकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देते मलेरिया निरीक्षक

विष्णुगढ़ के चौथा उच्च विद्यालय में बुधवार को भेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया रोकथाम की जागरूकता को लेकर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मलेरिया निरीक्षक अजय कुमार तथा एमपीड. ब्लू प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को मच्छर के काटने से होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी। कहा कि मच्छर से मलेरिया, फलेरिया तथा डेंगू जैसे रोग हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग तथा घर के आसपास गंदे पानी का जमाव न होने दें। मलेरिया रोकथाम जागरूकता को लेकर बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विवेक कुमार पाठक प्रथम, स्वाति कुमारी द्वितीय तथा काजल कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को उपहार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य संजय कुमार समेत अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## सोलर प्लेट एवं बर्तन चोरी के अलग-अलग मामले में पुलिस ने 2 लोगों को भेजा जेल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पुलिस ने चोरी को लेकर दो अलग-अलग मामला थाने में दर्ज किया गया है। बड़कागांव पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 284/ 22 धारा 379,461 भादवी के तहत मामला दर्ज कर छवनिया निवासी मोहम्मद अब्बास अंसारी वहीं कांड संख्या 285/22 धारा 457, 380, 34 भादवी के तहत मोहम्मद इरफान अंसारी सिरमा निवासी को जेल भेज दिया गया है ।मोहम्मद अब्बास अंसारी के निशानदेही पर पुलिस ने बड़ा सोलर प्लेट एक, बैटरी दो, एवं एक ईस्टपलाइजर मुर्गी फार्म छवनिया पगार से बरामद किया गया है ।वहीं मोहम्मद इरफान खान की निशानदेही पर लोहा की बाल्टी, स्टील सहित किचन सामग्री के अन्य बर्तन छवनिया स्थित मोहम्मद इरफान के घर से बरामद किया गया है।




APEM LIVE